प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 12.05.2026

- **थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास की घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 19.03.2026 को वादिनी श्रीमती अनीता पत्नी राजेश कुमार सोनकर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम सलेमपुर, मौजा काशीपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना रूरा पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त शिवम उर्फ शुभम पुत्र दिनेश चन्द्र दोहरे द्वारा वादिनी की पुत्री वंदना उर्फ कंचन की हत्या किये जाने सम्बन्धी मुकदमे में वादिनी की पुत्री आरती की गवाही होनी शेष है उक्त गवाही को लेकर अभियुक्तगणों द्वारा परिवारीजनों को लगातार गवाही न देने के लिए धमकाना तथा दिनांक 18.03.2026 को अभियुक्तगण शिवम उर्फ शुभम अपने पिता दिनेश व चाचा अनिल पुत्र रामरतन के साथ पीछे के दरवाजे से घर में घुसकर वादिनी की पुत्री आरती को अकेला पाकर आरती की हत्या करने की नियत से गले में फाँसी लगा देना तथा वादिनी के पति जो पैरालिसिस के मरीज है के चिल्लाने पर मरणासन्न अवस्था में छोडकर भागते हुए वादिनी द्वारा देखने के सम्बन्ध में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर मु0अ0सं0 0087/2026 धारा 109/333/232 भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 109 बीएनएस0 का लोप किया गया व धारा 109(1) की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 12.05.2026 को अभियुक्त शुभम सिंह उर्फ शिवम पुत्र दिनेश चन्द्र दोहरे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सलेमपुर मौजा काशीपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को स्टेशन रोड रूरा, थाना रूरा जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

शुभम सिंह उर्फ शिवम पुत्र दिनेश चन्द्र दोहरे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सलेमपुर मौजा काशीपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 87/2026 धारा 109(1)/333/232 भारतीय न्याय संहिता थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 91/2025 धारा 103(1)/74/331(4) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

थानाध्यक्ष सुधीर सिंह

रि0का0 671 भूपेन्द्र सिंह

रि0का0 789 अरूण प्रताप सिंह